प्रश्न पत्र क्रमांक

404647

# NMMSE 2012-13

## PAPER-II

## शैक्षिक योग्यता

## Scholastic Aptitude

OMR उत्तर पत्रक पर छपा क्रमांक

204435

Printed. No. on OMR Answer Sheet

परीक्षा केन्द्र की सील

परीक्षार्थी का अनुक्रमांक

ROLL NO. OF CANDIDATE

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 3 | 3 | 1 | 3 | 0 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 7 |

प्रवेश पत्र के अनुसार As in Admission Card

18/11/12

निरीक्षक के हस्ताक्षर
व दिनांक

नोट :– उपर्युक्त को परीक्षार्थी भरेंगे तथा निरीक्षक जांच कर हस्ताक्षर करें।

## शैक्षिक योग्यता

समय : 90 मिनट

पूर्णांक : 90

## परीक्षार्थियों को निर्देश

1. समस्त अंक अंग्रेजी में ही लिखें।

2. OMR उत्तर पत्रक पर छपा अनुक्रमांक (Roll No.) अपना प्रवेश पत्र में लिखा हुआ अनुक्रमांक (Roll No.) से मिलान करें ।

3. यदि OMR उत्तर पर अपना अनुक्रमांक छपा नहीं है, तो प्रवेश पत्र में दिए गए अनुक्रमांक के अनुसार लिखें। एक चौखट में एक ही अंक लिखा जावे।

4. प्रश्न–पत्र पर अपना अनुक्रमांक प्रवेश पत्र में दिए गए अनुक्रमांक के अनुसार लिखें। एक चौखट में एक ही अंक लिखा जावे।

5. प्रश्न पत्र पर अन्य कुछ न लिखे। प्रश्न पत्र उत्तर भी कदापि अंकित न करें।

6. इस प्रश्न–पत्र में 90 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।

7. प्रश्न–पत्र के अंत में कोरे पृष्ठ रफ–कार्य हेतु हैं। इन्हें प्रश्न–पत्र से फाड़े नहीं।

8. OMR उत्तर – पत्रक में प्रत्येक प्रश्न के क्रमांक अंकित हैं। उनके सामने उनके सम्भावित उत्तरों के क्रमांक A, B, C, D, भी अंकित हैं। आप प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के क्रमांक वाले घेरा को पेन से काला करें।

   उदाहरण Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ (C सही उत्तर है।)

9. उत्तर अलग से दिये गये OMR उत्तर–पत्रक पर ही अंकित करें।

10. प्रत्येक प्रश्न के लिए समय थोड़ा है। समय का ध्यान रखें उसे व्यर्थ न गवायें।

11. परीक्षा के उपरान्त निरीक्षक को OMR उत्तर पत्रक देना अनिवार्य है।

12. प्रश्न – पत्र अपने साथ लेकर जाएँ।

# SCIENCE / विज्ञान

प्रश्न 1. सरौता किस श्रेणी का उत्तोलक है-

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2. एक कॉफी से भरे थर्मस फ्लास्क को अत्यधिक हिलाया जाता है, यदि कॉफी को एक निवेश (System) के रुप में माना जाता है तब कॉफी का तापक्रम -

(A) थोड़ा बढ़ेगा (B) गिरेगा

(C) उतना ही रहेगा (D) कभी नापा नहीं जा सकता

प्रश्न 3. तैराकी पानी के किस तल पर अधिक दाब का अनुभव करेगा।

(A) तीन चौथाई गहराई पर (B) आधी गहराई पर

(C) नीचे तली पर (D) सतह पर

प्रश्न 4. जब पूरा चन्द्रमा पृथ्वी के प्रच्छाया के मध्य से गुजरता है तब होता है-

(A) पूर्ण चन्द्रग्रहण (B) खंड चन्द्रग्रहण

(C) सूर्य ग्रहण (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 5. कांच का अपवर्तनांक होता है -

(A) 1.5 (B) 1.3

(C) 2.4 (D) 1.0

प्रश्न 6. गोलीय दर्पण की फोकस दूरी-

(A) वक्रता त्रिज्या के बराबर होती है। (B) वक्रता त्रिज्या की आधी होती है।

(C) वक्रता त्रिज्या की एक चौथाई होती है। (D) इनमें से कोई नहीं ।

प्रश्न 7. बर्फ पर चलना कठिन होता है, क्योंकि वहां होता है-

(A) जड़त्व का आभाव (B) घर्षण की कमी

(C) अधिक घर्षण (D) अधिक जड़त्व

प्रश्न 8. उष्मा संचरण की निम्न प्रक्रिया में माध्यम के कण एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर गति करते हैं -

(A) चालन (B) संवहन
(C) विकिरण (D) उपरोक्त किसी में नहीं

प्रश्न 9. सौर सेल बने होते हैं -

(A) एल्युमिनियम से (B) कार्बन से
(C) प्लास्टिक से (D) सिलिकॉन से

प्रश्न 10. जब कांच की छड़ को रेशम के शुष्क कपड़े पर रगड़ा जाता है तो छड़ पर किस प्रकार का आवेश उत्पन्न होता है -

(A) धन आवेश (B) ऋण आवेश
(C) उपर्युक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 11. लैंस का वह बिन्दु जिससे होकर जाने पर प्रकाश की किरण बिना विचलन के गुजर जाती है, कहलाता है -

(A) फोकस (B) प्रकाश केन्द्र
(C) ध्रुव (D) वक्रता केन्द्र

प्रश्न 12. मनुष्य का शरीर होता है- विद्युत का -

(A) सुचालक (B) कुचालक
(C) कभी सुचालक कभी कुचालक (D) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 13. धातुओं का गुण नहीं है -

(A) भंगुरता (B) विद्युत सुचालकता
(C) उच्च घनत्व (D) आघातवर्ध्यता व तन्यता

प्रश्न 14. जलती अगरबत्ती की सुगंध कमरे के दूरस्थ कोने में अनुभव की जा सकती है, यह क्रिया है -

(A) घुलनशीलता (B) विसरण
(C) चालकता (D) अघुलनशीलता

प्रश्न 15. कार्बन का अधिकतम क्रियाशील रुप है-

(A) हीरा (B) ग्रेफाइट

(C) कोयला (D) चारकोल

प्रश्न 16. शुष्क बर्फ है - 8, 6

(A) ठोस $CO_2$ (B) द्रव $CO_2$

(C) गैस $CO_2$ (D) ठोस CO

प्रश्न 17. आयोडीन तथा नमक के मिश्रण से आयोडीन पृथक करने की विधि है-

(A) वाष्पन (B) निथारना

(C) छानना (D) उर्ध्वपातन

प्रश्न 18. किस परमाणु का आकार सबसे बड़ा है -

(A) Li (B) Be

(C) B (D) C

प्रश्न 19. पेट्रोलियम का उत्पाद नहीं है - 8 (12)

(A) पेट्रोल (B) डीजल

(C) बायोडीजल (D) केरोसिन

प्रश्न 20. आसुत जल है - 6

(A) समुद्री जल (B) वर्षा का जल

(C) भूमिगत जल (D) नल का जल

प्रश्न 21. तड़ित चालक बनते है -

(A) धातु से (B) अधातु से

(C) दीवार पर पेन्ट लगाने से (D) लकड़ी से

**प्रश्न 22.** लीथियम विकर्ण संबंध दर्शाता है -

(A) Mg से (B) Be से

(C) Al से (D) B से

**प्रश्न 23.** आधुनिक आवर्त सारणी में तत्वों की व्यवस्था का क्रम हैं -

(A) बढ़ते हुए द्रव्यमान के अनुसार (B) बढ़ते हुए परमाणु क्रमांक के अनुसार

(C) बढ़ते हुए आयतन के अनुसार (D) अल्फाबेट के अनुसार

**प्रश्न 24.** चमगादड़ को किस वर्ग में रखा जाता है-

(A) स्तनधारी (B) उभयचर

(C) पक्षी (D) सरीसृप

**प्रश्न 25.** जलीय भोजन श्रृखंला में शैवाल है -

(A) उपभोक्ता (B) उत्पादक

(C) अपघटक (D) परजीवी

**प्रश्न 26.** शरीर में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने वाले धागों को क्या कहते है -

(A) गुणसूत्र (B) रक्त वाहिनियाँ

(C) तंत्रिकाएँ (D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 27.** पक्षी की बीट में युरिक अम्ल का रंग होता है -

(A) काला (B) सफेद

(C) हरा (D) हरा-सफेद

**प्रश्न 28.** कुकुरमुत्ता ( मशरुम ) है - 8 (8)

(A) प्रोटोजोआ (B) शैवाल

(C) पुष्प (D) कवक

**प्रश्न 29.** **मलेरिया रोग का कारक है -** 8(16)

(A) जीवाणु (B) विषाणु

(C) प्रोटोजोआ (D) मादा एनाफिलीज मच्छर

**प्रश्न 30.** **लैंगरहेंस की द्विपिकाओं द्वारा निर्मित होता है-**

(A) टायलिन (B) इन्सुलिन

(C) एड्रिनेलिन (D) विटामिन

**प्रश्न 31.** **कंदुक -खल्लिका जोड़ पाई जाती है** 7.17

(A) कंधे एवं हाथ की हड्डी में (B) कोहनी में

(C) उपरी जबड़े में (D) कलाई में

**प्रश्न 32.** **बीज बनता है -**

(A) अंडाणु से (B) परागकण से

(C) बीजांड से (D) अण्डाशय से

**प्रश्न 33.** **प्रोकेरियॉटिक कोशिका का उदाहरण है -** 8.7

(A) यूग्लीना (B) अमीबा

(C) पैरामीशियम (D) नील-हरित शैवाल

**प्रश्न 34.** **कशेरुकाऐं पायी जाती है -** 7.17

(A) खोपड़ी में (B) हाथ में

(C) मेरुदंड में (D) अंगुलियों में

**प्रश्न 35.** **इनमें से कौन सा विटामिन रक्त का थक्का जमने के लिए आवश्यक है -**

(A) विटामिन - के (B) विटामिन - बी

(C) विटामिन - सी (D) विटामिन - ए

# सामाजिक विज्ञान

प्रश्न 36. पृथ्वी की आंतरिक संरचना का बाहर से भीतर का क्रम है -

(A) क्रोड मैंटल भूपर्पटी
(B) भूपर्पटी मैंटल क्रोड
(C) भूपर्पटी क्रोड मैंटल
(D) उपरोक्त में से कोई सही नहीं

प्रश्न 37. मानसूनी वनों में बहुतायत से निम्नांकित समूह के वृक्ष पाये जाते है -

(A) बबूल नागफनी झरबेरी
(B) आम अनानास अंगूर
(C) साल सागौन-शीशम
(D) चन्दन महोगनी रबर

प्रश्न 38. किस भूआकृति का निर्माण नदी द्वारा नहीं किया जाता -

(A) जलप्रपात
(B) विसर्पण झील
(C) डेल्टा
(D) लटकती घाटी

प्रश्न 39. 'झूम' खेती को निम्न में से किस दूसरे नाम से जाना जाता है-

(A) स्थानान्तरित कृषि
(B) सीढ़ीदार खेती
(C) सघन खेती
(D) मिश्रित कृषि

प्रश्न 40. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और चीनी उद्योग किस प्रकार के उद्योगों के उदाहरण है -

(A) खनिज आधारित उद्योग
(B) वन आधारित उद्योग
(C) समुद्र आधारित उद्योग
(D) कृषि आधारित उद्योग

प्रश्न 41. काली मिट्टी उच्चताप हल्की वर्षा आदि बुनियादी जरुरते किस फसल के लिए आवश्यक हैं -

(A) कॉफी
(B) कपास
(C) चावल
(D) गेहूँ

प्रश्न 42. भारत की निम्नलिखित नदियों में से कौन सी नदी पाकिस्तान में भी बहती है-

(A) गंगा
(B) नर्मदा
(C) सतलज
(D) यमुना

प्रश्न 43. भारत में लौह इस्पात उद्योग सर्वप्रथम किस राज्य में स्थापित किया गया था -

(A) झारखण्ड (B) उड़ीसा

(C) उत्तराखण्ड (D) पश्चिम बंगाल

प्रश्न 44. किस जिले की सीमा रायपुर जिले की सीमा को स्पर्श नहीं करती है-

(A) दुर्ग (B) धमतरी

(C) महासमुन्द (D) कोरबा

प्रश्न 45. निम्नांकित में से किस देश में सालभर गरमी का मौसम ही रहता है -

(A) इंडोनेशिया (B) भारत

(C) चीन (D) आस्ट्रेलिया

प्रश्न 46. निम्नलिखित में से कौन से लक्षण भारतीय संविधान की मूल विशेषता को व्यक्त करती है-

(A) संघवाद मौलिक अधिकार और धर्मनिरपेक्षता (B) संघवाद विश्वबंधुत्व और हिन्दूवाद

(C) एकात्म्यवाद मौलिक अधिकार और धर्मनिरपेक्षता (D) सैन्यवाद मौलिक कर्तव्य और सामाजिक न्याय

प्रश्न 47. केन्द्र शासित राज्यों में प्रशासन निम्नांकित में से किसके द्वारा संचालित होता है -

(A) स्थानीय सरकार (B) केन्द्र सरकार

(C) राज्य सरकार (D) राज्यपाल

प्रश्न 48. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति किनके द्वारा की जाती है-

(A) संसद सदस्यों द्वारा (B) केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा

(C) प्रधानमंत्री द्वारा (D) राष्ट्रपति द्वारा

प्रश्न 49. सामान्यतः ग्राम पंचायतों के चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष बाद सम्पन्न होते हैं, यह प्रावधान संविधान में कब शामिल किया गया -

(A) सन् 1992 के 76 वे संविधान संशोधन में (B) सन् 1992 के 75 वे संविधान संशोधन में

(C) सन् 1992 के 74 वें संविधान संशोधन में (D) सन् 1992 के 73 वें संविधान संशोधन में

**प्रश्न 50.** "सभी मानव स्वतंत्र पैदा होते हैं और अपने अधिकारों एवं गरिमा की दृष्टि से समान है।" यह उद्घोषणा किसमें की गई है –

(A) मानव अधिकार घोषणा पत्र
(B) संयुक्त राष्ट्र चार्टर
(C) भारतीय संविधान में
(D) समानता के मूल अधिकार में

**प्रश्न 51.** भारत में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम कब लागू किया गया–

(A) सन् 2009
(B) सन् 2010
(C) सन् 2011
(D) सन् 2012 में

**प्रश्न 52.** पिछला लोकसभा चुनाव 2009 में हुआ था। यदि वर्तमान सरकार अपना कार्यकाल पूरा करती है तो आगामी लोकसभा चुनाव कब होगा

(A) सन् 2012
(B) सन् 2013
(C) सन् 2014
(D) सन् 2015

**प्रश्न 53.** व्यक्ति के मौलिक अधिकार का हनन होने पर उसे किसके पास सम्पर्क करने का अधिकार प्राप्त है–

(A) उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय
(B) उच्चन्यायालय और जिला न्यायालय
(C) पुलिस थाना और न्यायिक मजिस्ट्रेट
(D) प्रधानमंत्री सचिवालय और कार्यालय

**प्रश्न 54.** नगर निगम के अध्यक्ष को क्या कहा जाता है–

(A) आयुक्त
(B) महापौर
(C) मुख्य कार्यपालन अधिकारी
(D) सरपंच

**प्रश्न 55.** किसी भी चौराहे पर लगे यातायात संकेतक में लाल बत्ती जलने का आशय है–

(A) हमें रुकना चाहिए
(B) हमें चलना चाहिए
(C) हमें चलने के लिए तैयार होना चाहिए
(D) हमें जेब्रा क्रास पार नहीं करना चाहिए

**प्रश्न 56.** मिश्र की सभ्यता किस नदी के किनारे विकसित हुई थी–

(A) सिन्धु नदी
(B) दजला–फरात नदी
(C) नील नदी
(D) नाइजर नदी

**प्रश्न 57.** वैदिक काल में लोगों का प्रमुख व्यवसाय क्या था-

(A) खेती करना
(B) पशुपालन करना
(C) कपड़े बनाना
(D) लकड़ी काटना और खिलौने बनाना

**प्रश्न 58.** "पंचतंत्र" के लेखक का नाम क्या है-

(A) कालिदास
(B) विष्णु शर्मा
(C) चाणक्य
(D) मुंशी प्रेमचन्द

**प्रश्न 59.** अगस्त 1942 में कौन सा प्रमुख स्वतंत्रता आंदोलन हुआ था-

(A) असहयोग आन्दोलन
(B) भारत छोड़ो आंदोलन
(C) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(D) स्वदेशी आन्दोलन

**प्रश्न 60.** अंग्रेज गवर्नरों के भारत आगमन का सही क्रम कौन सा है-

(A) लार्ड डलहौज़ी, वारेन हेस्टिंग्स, लार्ड विलियम बेंटिंग
(B) वारेन हेस्टिंग्स, लार्ड विलियम बेंटिंग, लार्ड डलहौजी
(C) वारेन हेस्टिंग्स, लार्ड डलहौजी, लार्ड विलियम बेंटिग
(D) लार्ड विलियम बेंटिंग, लार्ड डलहौजी, वारेन हेस्टिंग्स

**प्रश्न 61.** भारत में शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी भाषा का समर्थन किसने किया था?

(A) दयानन्द सरस्वती
(B) राजाराम मोहन राय
(C) स्वामी विवेकानन्द
(D) ईश्वर चन्द विद्यासागर

**प्रश्न 62.** सिन्धु घाटी सभ्यता में लोग नारी रुप में किसकी पूजा करते थे ?

(A) मातृदेवी
(B) लक्ष्मी
(C) सरस्वती
(D) दुर्गा

**प्रश्न 63.** अंग्रेजों ने भारतीय किसानों से लगान वसूली की कौन सी नीति अपनायी थी ?

(A) जमीनदारी
(B) रैयतवाड़ी
(C) महलवाड़ी
(D) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 64. आजाद हिन्द फौज के संस्थापक कौन थे ?**

(A) चन्द्रशेखर आजाद (B) भगत सिंह

(C) सुभाषचन्द्र बोस (D) लोकमान्य तिलक

**प्रश्न 65. पूर्ण स्वराज्य की मांग को आम जनता तक पहुंचाने में डॉ. एनी बिसेन्ट का साथ किसने दिया था -**

(A) बाल गंगाधर तिलक (B) लाल बहादुर शास्त्री

(C) पंडित जवाहर लाल नेहरु (D) महात्मा गांधी

**प्रश्न 66. हम अपनी आय का जो हिस्सा सरकार को देते हैं वह क्या कहलाता है?**

(A) दान (B) अनुदान

(C) ऋण (D) कर

**प्रश्न 67. मिश्रित अर्थव्यवस्था का अर्थ है-**

(A) लघु एवं विशाल उद्योगों का सहअस्तित्व

(B) कृषि एवं उद्योगों की समान वृद्धि

(C) निजी व सार्वजनिक उद्योगों का सहअस्तित्व

(D) सरकार और उद्योगपतियों का संयुक्त प्रयास

**प्रश्न 68. नदी एक प्राकृतिक संसाधन है जब वह-**

(A) सिंचाई के लिए उपयोग की जाती है

(B) नौका चालन के लिए उपयोग की जाती हो

(C) बिजली उत्पादन और मछली उत्पादन की जाती हो

(D) उपरोक्त सभी उपयोग के लिए प्रयुक्त होती हो

**प्रश्न 69. निम्न में से किस योजना का विस्तार देश के ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में किया गया है?**

(A) प्रधानमंत्री रोजगार योजना (B) जवाहर रोजगार योजना

(C) नेहरु रोजगार योजना (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 70. जनसंख्या घनत्व का अर्थ है-**

(A) प्रतिवर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या

(B) प्रति किलोमीटर क्षेत्र में निवास करने वाली संख्या

(C) ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या

(D) गरीबी रेखा से नीचे वाले व्यक्तियों की संख्या

# गणित

**प्रश्न 71.** एक टोकरी में 10 सेब, 8 अनार और 12 अमरुद हैं। टोकरी में से एक सेब निकालने की प्रायिकता होगी ?

(A) $\frac{1}{10}$ (B) $\frac{1}{30}$

(C) $\frac{10}{30}$ (D) $\frac{20}{30}$

**प्रश्न 72.** एक पुस्तक का अंकित मूल्य 50 रूपये है। वह 8% छूट पर उपलब्ध है पुस्तक का विक्रय मूल्य होगा?

(A) 42 रु. (B) 46 रु.

(C) 54 रु. (D) 58 रु.

**प्रश्न 73.** एक घड़ी में छह बजे हैं। उसके घण्टे और मिनट की सूइयों के बीच जो कोण बन रहा है उसका मान होगा ?

(A) $0^\circ$ (B) $90^\circ$

(C) $180^\circ$ (D) $270^\circ$

**प्रश्न 74.** $\left(\frac{5}{7}\right)^{-7} \times \left(\frac{7}{5}\right)^{-7} \div \left(\frac{3}{19}\right)^{-2} \times \left(\frac{19}{3}\right)^{-2}$ का मान होगा -


(A) 1 (B) 2

(C) $\frac{1}{2}$ (D) O

**प्रश्न 75.** दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है। यदि $\angle BAC = 30^\circ$ तो $\angle BCA$ होगा-

(A) $40^\circ$ (B) $50^\circ$

(C) $60^\circ$ (D) $70^\circ$



**प्रश्न 76.** संख्याओं 8, 5, $x$, 6, 10, 5 का माध्य 7 है, $x$ का मान होगा -

(A) 5 (B) 6

(C) 8 (D) 10

प्रश्न 77. एक फल बेचने वाला एक रूपये में 5 संतरे बेचता है। इस दर से संतरे बेचने पर उसे 40% लाभ होता है। उसके द्वारा एक रूपये में खरीदे गए संतरों की संख्या है:-

(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 9

प्रश्न 78. वह छोटी से छोटी संख्या कौन सी है जिसे 8, 9, 12 तथा 15 से भाग देने पर हर दशा में शेषफल 1 बचे?

(A) 109 (B) 181
(C) 121 (D) 361

प्रश्न 79. चांदी की तीन घनाकार सिल्लियों को, जिनकी कोरे क्रमशः 3 से.मी. 4 से.मी. और 5 से.मी. हैं, गलाकार एक बड़ी घनाकार सिल्ली बनाई गई है। इसकी कोर होगी-

(A) 6 से.मी. (B) 7 से.मी.
(C) 16 से.मी. (D) 36 से.मी.

प्रश्न 80. तीन समूहों का संयुक्त माध्य 12 है और पहले दो समूहों का संयुक्त माध्य 3 है। यदि पहले, दूसरे और तीसरे समूहों में पदों की संख्या क्रमशः 2, 3 और 5 हो तो तीसरे समूह का माध्य होगा-

(A) 9 (B) 12
(C) 15 (D) 21

प्रश्न 81. यदि $(4)^{x+5} = (16)^{3x-4}$ हो तो X का मान है -

(A) $\frac{13}{5}$ (B) $\frac{9}{5}$
(C) $\frac{-9}{5}$ (D) $\frac{13}{5}$

प्रश्न 82. एक से दस तक की प्राकृत संख्याओं का औसत है-

(A) 4.5 (B) 5.5
(C) 6 (D) 6.5

प्रश्न 83. एक बेलन के आधार का क्षेत्रफल 154 वर्ग से.मी. हो तो बेलन का व्यास होगा -


(A) 7 से.मी. (B) 14 से.मी.
(C) 22 से.मी. (D) $\frac{22}{7}$ से.मी.

**प्रश्न 84.** कौन सा धन दो वर्ष में 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 441 रुपये हो जाएगा?

(A) 440 रुपये (B) 420 रुपये

(C) 421 रुपये (D) 400 रुपये

**प्रश्न 85.** चित्र में $\angle BAO = 20^\circ$, $\angle BCO = 40^\circ$ हो तो $\angle AOC$ की माप होगी –



(A) $120^\circ$ (B) $60^\circ$

(C) $100^\circ$ (D) $140^\circ$

**प्रश्न 86.** $2xy^2$ और $4x^2y$ का महत्तम समापवर्तक होगा-

(A) $4x^2y^2$ (B) $8x^2y^2$

(C) $4xy$ (D) $2xy$

**प्रश्न 87.** वह संख्या क्या होगी? जिसमें 4 का गुणा करने पर प्राप्त संख्या उस संख्या से 42 अधिक हो जाती है?

(A) 16 (B) 12


(C) 14 (D) 24

**प्रश्न 88.** $2-[2-\{2-(\overline{2-2}-2)\}]$

(A) 4 (B) – 4

(C) 2 (D) O

**प्रश्न 89.** यदि AB और CD तथा BE और DF समानान्तर हों तो $\angle x + \angle y$ का मान होगा –




(A) $140^0$ (B) $160^0$ (C) $170^0$ (D) $180^0$

**प्रश्न 90.** अनुक्रम 1, 27, 125, 343, ......... की अगली संख्या होगी –

(A) 512 (B) 729

(C) 457 (D) 686

•••